दिनांक : 26.04.2024 समय : 07.10 pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 6 सीटों पर हुआ षांतिपूर्ण मतदान।
- प्रदेष में मतदाता जागरूकता के लिए नवाचारों के साथ जारी है कार्यक्रमों का सिलसिला।
- सर्वोच्च न्यायालय ने वीवीपेट पर्चियों के ईवीएम के आंकड़ों के साथ षतप्रतिषत मिलान वाली याचिका को किया खारिज।
  और
- प्रदेष में कई स्थानों पर हल्की बारिष, मौसम विभाग ने 15 जिलों के लिए रेड अलर्ट किया जारी।

...............

## मतदान

प्रदेष में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज 6 संसदीय क्षेत्रों में मतदान षांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला है। होषंगाबाद सहित कई क्षेत्रों में मतदाताओं ने बढ़चढ़कर वोट डाले । जबकि विन्ध्यक्षेत्र और खासतौर पर रीवा में मतदान के प्रति उत्साह कम नजर आया। पिछले लोकसभा चुनाव में इन सभी क्षेत्रों में करीब 66 फीसदी वोट डाले गये थे। चुनाव आयोग को उम्मीद् है कि मतदान के प्रतिषत में ज्यादा गिरावट देखने को नहीं मिलेगी।

प्रदेष में अब तक 55 फीसदी से ज्यादा मतदान हो चुका है। सर्वाधिक मतदान होशंगाबाद में 63 दशमलव 44 प्रतिशत और सबसे कम रीवा में 45 दशमलव 02 प्रतिशत रहा । इसके अलावा दमोह में 53–66, खजुराहों 52–91, सतना में 57–18 और टीकमढ में 57–19 फीसदी मतदान हुआ।

## चुनाव प्रचार

प्रदेश में दो चरणों में 12 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है। बाकी बची 17 सीटों पर अगले दो चरण में वोटिंग होगी। इसके देखते हुए कांग्रेस और भाजपा सहित तमाम दल और निर्दलीय चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह आज अशोकनगर एवं राजगढ लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाओ को संबोधित किया । वहीं, कांग्रेस की ओर से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्यसभा सांसद विवेक तंखा और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव आज बुरहानपुर में प्रचार किया । उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया की वह बेरोजगारी और मंहगाई जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए विवादित विषयों को हवा दे रही है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज भोपाल में पत्रकार वार्ता कर पार्टी के घोषणा पत्र पर विस्तार से जानकारी दी। पूर्व मुख्यमंत्री षिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस पर विरासत टैक्स लगाकर दलित और आदिवासियों के अधिकार छिनने का आरोप लगाया।

## जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

**प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज- आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।**

मतदाता जागरुकता

सीहोर में जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले के नागरिकों से लोकतंत्र के महापर्व में शत–प्रतिशत भागीदारी एवं सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील जारी की है द्य उन्होंने कहा कि नागरिक अधिक से अधिक मतदान करे और अपने परिवार एवं आस–पास पड़ोस के लोगो को भी अपने मताधिक कार का उपयोग कर मतदान करें इसके लिए प्रेरित करें। खंडवा नगर निगम ने मतदाता जागरुकता के लिए कई नवाचार कर रहा है। आज मां महालक्ष्मी माता वार्ड मे विवाह के लिए जा रही बारात में दूल्हे द्वारा उपायुक्त जाकिर जाफरी के अनुरोध पर बारातियों को मतदान करने की शपथ दिलाई। नगर निगम ने मतदाता जागरूकता रथ तैयार किया है। जिसमें निमाड़ी गीत के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए आह्वान किया जा रहा है। नीमच जिले में भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियॉ आयोजित की जा रही है। आज शासकीय मूलचन्द्र चौधरी हाई स्कूल बघाना से मतदाता जागरूकता वाहन रैली निकाली गई ।

पांचवा चरण

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की अधिसूचना आज जारी होने के साथ ही नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। इस चरण में छह राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों के लिए चुनाव होगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा तथा बिहार की पांच–पांच, झारखंड की तीन और जम्मू–कश्मीर तथा लद्दाख की एक–एक सीट के लिए मतदान होगा। नामांकन तीन मई तक भरे जा सकते है। इस चरण के लिए मतदान 20 मई को होगा। ओडिशा में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना भी आज जारी कर दी गई है

मतदान–प्रसारण

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान पर केन्द्रित हमारे खास कार्यक्रम आपका वोट आपकी सरकार का प्रसारण आज रात 8.30 बजे से किया जायेगा। यह कार्यक्रम प्रदेष में आकाषवाणी के सभी केन्द्रों से सुना जा सकता है।

## सर्वोच्च न्यायालय वीवीपीएटी

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वोटर वेरीफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल - वीवीपीएटी की पर्चियों के साथ इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन- ईवीएम के आंकडों के शत-प्रतिशत मिलान वाली याचिकाओं को □ारिज कर दिया। यह फैसला न्यायाधीश संजीव □न्ना और दीपांकर दत्ता की एक पीठ ने सुनाया। हालांकि 18 अप्रैल को इन मामलों पर फैसला सुरक्षित र□ लिया गया था। निर्वाचन आयोग से पीठ द्वारा कुछ तकनीकी स्पष्टीकरण मांगे जाने के कारण 24 अप्रैल को इन मामलों को फिर सूचीबद्ध किया गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण पर विचार करते हुए आज फैसला सुनाया गया।

फैसले को लेकर न्यायाधीश □न्ना ने कहा कि बैलेट पेपर से मतदान कराने और ईवीएम - वीवीपीएटी की पूर्ण जांच तथा वीवीपीएटी की पर्ची को मतदाताओं को देने की याचिकाएं □ारिज कर दी गई हैं।

### मौसम

प्रदेश में एक तरफ जहां गर्मी रफ्तार पकड़ रही है, वहीं पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह पिछले 6 दिन से बारिश हो रही है। प्रदेष में मौसम विभाग ने 15 जिलों में बारिष के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं 35 जिलों में हल्की बारिष का यलो अलर्ट जारी किया गया है। विदिषा, बैतूल, अलीराजपुर, उज्जैन, इन्दौर, अषोकनगर, खंडवा,षाजापुर, देवास, सीहोर, आगरमालवा, रतलाम, राजगढ़, नर्मदापुरम और जबलपुर जिलों में तेज हवा के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है। इस बीच प्रदेष में सर्वाधिक तापमान षिवपुरी में 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छिन्दवाड़ा जिले की परसवाड़ा और सौंसर में तेज बारिष हुई। राजगढ़ जिले में तेज आंधी के कारण भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित षाह की सभा विलंब से षुरू हुई। वहीं गुना में आज सुबह से बादल छाये हुए हैं और हल्की बारिष हो रही है। अषोकनगर में षाम को तेज बारिष हुई। जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। भोपाल में भी आज सुबह से बादल छाये हुए हैं।

समाचार संक्षेप में :–

- सीहोर जिले में मलेरिया को रोकने के लिए सप्ताह भर विशेष अभियान संचालित किया जायेगा । इस अवसर पर जिला चिकित्सा अधिकारी ने मलेरिया के विरुद्ध संकल्प लेकर मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के लिए शपथ दिलाई।
- छिंदवाडा जिले में गेहूं की सरकारी खरीदी जारी है। अब तक जिले के 1 हजार 181 किसानों ने सवा लाख क्विंटल अनाज समर्थन मूल्य पर बेचा है।
- विश्व संवाद केंद्र भोपाल में सतपुड़ा चलचित्र समिति द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना पर आधारित फिल्में निरंतर दिखाई जाती हैं। इसी कड़ी में कल शाम पांच बजे से 100 वीं फिल्म 'Who Am I' का प्रदर्शन किया जाएगा। फिल्म के लेखक अशोक जमनानी के साथ चर्चा सत्र का आयोजन भी होगा।

.................................